हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 मवेशियों की मौत से हड़कंपः पुलिस लाइन के सामने 8 भेड़ों की मौत...



05 वर्षों पुराना बरगद का पेड़ गिरा, कोलूभेरू मंदिर क्षतिग्रस्त



खबर संक्षेप

प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत प्रशिक्षण आयोजित

आष्टा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड आष्टा द्वारा सेक्टर भवरा की नवांकुर संस्था कामेश्वरि शिक्षा एवं समाज सेवा समिति समिति के माध्यम से प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन आलिमेंट सेंटर स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि के रूप में पारुल उपाध्याय, जिला समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला सीहोर, भगवत शरण लोधी, विकासखंड समन्वयक, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आष्टा तथा राजाराज मालवीय, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कियाआ गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रस्फुटन समितियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की समीक्षा करना, शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा आगामी गतिविधियों के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना रहा। मुख्य अतिथि पारुल उपाध्याय ने कहा कि प्रस्फुटन समितियां ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक परिवर्तन लाने और जनभागीदारी के माध्यम से विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना परिषद से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। इसके लिए समितियों को नियमित बैठकें आयोजित करने तथा स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। आगामी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आह्वानविकासखंड समन्वयक श्री भगवत शरण लोधी ने आगामी माह में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए सभी नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों से सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान कर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया।

खनिजों के अवैध परिवहन पर रोक लगाने शासन ने लागू की तकनीकी व्यवस्था

नर्मदा घाटों से निकलने वाले डंपर-ट्रैक्टरों पर लगाया जा रहा एआई, आरएफ का टैग

बिना विशेष तकनीकी टैग के सड़कों पर कोई भी खनिज वाहन नहीं दौड़ सकेगा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में नर्मदा नदी के आंचल को छलनी करने वालों की अब खैर नहीं है। मध्य प्रदेश शासन ने अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर लगाम कसने के लिए एक ऐसा हाईटेक चक्रव्यूह तैयार किया है, जिससे अब माफियाओं का बचना नामुमकिन सा हो गया है। सरकार ने स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं कि अब बिना विशेष तकनीकी टैग के सडक़ों पर कोई भी खनिज वाहन नहीं दौड़ सकेगा। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा और सीधा असर जिले में देखने को मिलेगा, जहां नर्मदा के प्रमुख घाटों से रेत के अवैध उठाव की शिकायतें अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि आधुनिक तकनीक और मैदानी अमले की संयुक्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों की हर चाल को नाकाम किया जाएगा।

क्या है नया नियम, ई-चेकगेट व्यवस्था

खनिज साधन विभाग ने प्रदेशभर में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण का पूरी तरह खात्मा करने के लिए एक हाईटेक कदम उठाया है। विभाग के प्रमुख सचिव विवेक कुमार पोरवाल द्वारा जारी आदेश के तहत अब सभी जिला कलेक्टरों को यह अनिवार्य कर दिया गया है कि खनिज ढोने वाले हर वाहन पर रेडियो फ्रीक्वेंसी टैग यानी आरएफ टैग लगाया जाए। शासन द्वारा बनाए गए संशोधित नियमों के तहत अब पूरी तरह से मानव रहित और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई पर आधारित ई-चेकगेट व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह एक ऐसी व्यवस्था है, जो सडक़ों पर दौडऩे वाले हर खनिज वाहन की पल-पल की जानकारी रखेगी।

वाहन मालिक खुद उठाएंगे खर्च

जिला खनिज अधिकारी एचपी सिंह ने बताया कि इस टैग को खरीदने का खर्च वाहन मालिकों या परिवहनकर्ताओं को खुद ही उठाना होगा। विभाग ने इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल की सुविधा भी दी है, जहां वाहन मालिक आसानी से अपने वाहन का विवरण दर्ज कर और ऑनलाइन भुगतान करके यह टैग प्राप्त कर सकते हैं। शासन ने सख्त चेतावनी दी है कि बिना इस टैग के यदि कोई भी वाहन खनिज ले जाते पकड़ा गया तो उस पर भारी आर्थिक जुर्माना और जब्ती की कड़ी कार्रवाई की जाएगी। छीपानेर और चोरसाखेड़ी घाटः जहां पन्नडुब्बियों, नावों और डंपरों के जरिए अवैध रूप से रेत निकाले जाने की खबरें अक्सर सामने आती हैं। बाबरी और नीलकंठ घाटः इन तटीय इलाकों में भारी मशीनों और जेसीबी के माध्यम से नदी का सीना चीरकर रेत निकाले जाने पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण और न्यायालयों में भी मामले चल चुके हैं। जहाजपुरा, मठागांव, सोमलवाड़ा और डिमावर घाटः इन घाटों से बिना वैध रॉयल्टी के ओवरलोडेड ट्रकों और ट्रैक्टरों से होने वाले रेत के परिवहन पर अब इस नई तकनीक के जरिए पूरी तरह रोक लगाई जाएगी।

भैरूंदा में खनिज विभाग का एक्शन

महज कागजी आदेशों तक ही यह व्यवस्था सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर अब जमीन पर भी दिखने लगा है। जिला खनिज अधिकारी एचपी सिंह ने बताया कि शासन से मिले इन सख्त निर्देशों का पालन जिले में पूरी सख्ती से कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कार्रवाई करते हुए खनिज इंस्पेक्टर राजकुमार बराठे की टीम ने जिले के भैरूंदा क्षेत्र में दबिश दी। इस दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रही दस ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।

कार्रवाईः नियमों का उल्लंघन करने वाले चार मेडिकल स्टोरों पर शिकंजा

औषधी विभाग ने एक का लाइसेंस निलंबित कर तीन के लाइसेंस किए निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसारं जिलेभर में औषधी प्रशासन की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में हाल ही में जिले के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच की गई, जिसमें औषधी अधिनियम के कई गंभीर उल्लंघन पाए गए।

मांगा था जवाब

नियमों की अनदेखी सामने आने पर प्रशासन ने मेसर्स एमआर मेडिकल भैरुंदा, मेसर्स गुरुदेव मेडिकल एजेंसी भैरुंदा, मेसर्स सांई विभु मेडिकल बुधनी और मेसर्स श्री विनायक मेडिकल स्टोर्स बकतरा को नोटिस जारी कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। औषधि निरीक्षक किरण कुमार मगरे ने बताया कि जांच के दौरान इन मेडिकल संचालकों से औषधियों के क्रय-विक्रय के रिकॉर्ड सहित अन्य उल्लंघनों के संबंध में जवाब मांगा गया था, लेकिन संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब या रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रशासन के आदेशों और निर्देशों की इस प्रकार की लगातार अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए औषधी प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। नियमों का पालन न करने पर मेसर्स गुरुदेव मेडिकल एजेंसी भैरुंदा की मेडिकल अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, गंभीर लापरवाही और जवाब न देने के कारण मेसर्स एम.आर. मेडिकल भैरुंदा, मेसर्स सांई विभु मेडिकल बुधनी और मेसर्स श्री विनायक मेडिकल स्टोर्स बकतरा की अनुज्ञप्तियों को तत्काल प्रभाव से पूरी तरह निरस्त कर दिया गया है। इस सख्त कार्रवाई से जिले के अन्य मेडिकल संचालकों में भी हड़कंप मच गया है।

छात्र-छात्राओं ने किया विरोध प्रदर्शन

सीहोर। श्यामपुर तहसील मुख्यालय होने के बावजूद यहां शासकीय महाविद्यालय नहीं है। इसका खामियाजा श्यामपुर और आसपास की पंचायतों के विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। 12वीं के बाद सरकारी कॉलेज में पढ़ने के लिए उन्हें 25 से 30 किमी दूर सीहोर जाना पड़ता है या निजी कॉलेजों की भारी फीस चुकानी पड़ती है। इस समस्या को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के बैनर तले छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों ने श्यामपुर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर मौके पर पहुंचे तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा और जल्द कॉलेज खोलने की मांग की। श्यामपुर सहित आसपास की दर्जनों पंचायतों के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा हासिल करना चुनौती बना हुआ है। सरकारी कॉलेज में पढ़ने के लिए विद्यार्थियों को रोजाना सीहोर आना-जाना पड़ता है। बसों की अनिश्चितता और भीड़ के कारण उनका करीब दो घंटे का समय आवागमन में खर्च होता है। वहीं, दूरी और सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते कई ग्रामीण परिवार अपनी बेटियों को रोजाना सीहोर भेजने से कतराते हैं। इससे छात्राओं की आगे की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। अन्य तहसीलों में कॉलेज, श्यामपुर में अब तक इंतजार : प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीहोर मुख्यालय पर पीजी कॉलेज और कन्या कॉलेज के अलावा आष्टा, इछावर, भैरूंदा, रेहटी और जावर में भी शासकीय कॉलेज संचालित हैं, लेकिन श्यामपुर अब तक इससे वंचित है। विद्यार्थियों की मांग है कि शासन कॉलेज खोलने के लिए बजट और भूमि आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करे।

18 वर्ष के युवा मतदाता सूची में जुड़वाएं नाम

सीहोर। मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए आयोग द्वारा डिजिटल माध्यम भी उपलब्ध कराया गया है। नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के अधिकृत मतदाता सेवा पोर्टल voters.eci.gov.in पर जाकर अथवा गूगल प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर घर बैठे ऑनलाइन फॉर्म-6 भर सकते हैं। प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाते हुए इस बार प्रारूप-6 (फॉर्म-6) के साथ किसी भी प्रकार का अलग से घोषणा-पत्र लगाना अनिवार्य नहीं है। संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को भी निर्देशित किया गया है कि वे पात्र मतदाताओं से फॉर्म-6 के साथ अनावश्यक घोषणा-पत्र की मांग न करें।

नई गाड़ी की पूजा में व्यस्त था परिवार चोर ने घर में किया हाथ साफ




हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

जिले के अहमदपुर में मंगलवार की रात्रि दशहरा पूजन के दौरान गल्ला व्यापारी विजय दांगी के घर चोरी की घटना सामने आई है। परिवार के सदस्य नई बुलेट की पूजा और वाहन देखने में व्यस्त थे, इसी बीच कमरे में रखा हैंडबैग गायब हो गया। परिजनों के मुताबिक, विजय दांगी की छोटी बहन नई बुलेट लेकर अपने भाई और पिता को दिखाने अहमदपुर स्थित घर पहुंची थी। नई गाड़ी आने की खुशी में परिवार के सदस्य बाहर आकर वाहन पूजन करने लगे और बुलेट चलाकर देखने में व्यस्त हो गए। फरियादी के अनुसार, दशहरा पूजन के बाद उनकी पत्नी ने पहने हुए जेवर हैंडबैग में रख दिए थे। इसके बाद परिवार के सभी सदस्य वाहन पूजन के लिए नीचे चले गए। रात करीब 12:30 बजे कमरे में लौटने पर बैग गायब मिला। शिकायत के मुताबिक, बैग में सोने का हार, रानी हार, चेन, तीन जोड़ी सोने के झुमके, एक अंगूठी, एक टीका, चांदी की एक जोड़ी पायल सहित अन्य आभूषण, बच्चों के कपड़े, पत्नी की दो साड़ियां और 12 हजार रुपये नकद रखे थे। विजय दांगी ने आशंका जताई कि अज्ञात व्यक्ति घर के पीछे की दीवार से चढ़कर कमरे तक पहुंचा और बैग लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

कार्बाइड गन और कार्बाइड लैंप के उपयोग पर सख्ती कोई भी दुर्घटना हुई तो कलेक्टर-एसपी होंगे जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आगामी तीज-त्यौहारों और सामाजिक एवं धार्मिक मेलों के दौरान सभी कलेक्टर्स-एसपी विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि त्यौहारों के दौरान कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प का उपयोग नहीं हों, क्योंकि लोकल मेड कार्बाइड गन और कार्बाइड लैम्प मानवों के लिए बेहद खतरनाक होती हैं।

उन्होंने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों की अवैध बिक्री पर रोक लगायें। कहीं भी और किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होने पाये। किसी जिले में यदि किसी भी प्रकार की विषम परिस्थिति निर्मित होगी, तो इसके लिए कलेक्टर और एसपी ही जिम्मेदार माने जायेंगे। उन्होंने कहा कि तीज-त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर रखने की सभी तैयारियां अभी से कर लें। सुरक्षा और आकस्मिक प्रबंधन से जुड़े विषयों पर आपसी सामंजस्य से काम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मंत्रालय से सभी कलेक्टर्स, कमिश्नर्स और एसपी-आईजी की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप स्कीम्स एवं विकास कार्यक्रमों के फील्ड में क्रियान्वयन का फीडबैक लिया तथा आगामी माहों में सभी तीज-त्यौहारों में कानून-व्यवस्था की बेहतर से बेहतर तैयारी रखने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर बालागुरू के, एसपी सोनाक्षी सक्सेना तथा जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, अपर कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संत माधवदास ने किया कलाकारों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रयाग राज रामलीला मंडली के कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामलीला के अंतिम दिन कुंभकर्ण और रावण वध का सजीव मंचन किया गया। भगवान राम के हाथों रावण का वध होते ही पूरा मोहल्ला जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस मौके पर संत माधवदास महाराज ने रामलीला के महंत बृजेश शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक कलाकारों का स्वागत किया। महंत श्री शर्मा ने बताया कि आगामी रामलीला का आयोजन राजस्थान के अजमेर में किया जाएगा।

रामलीला के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंचन देखने पहुंचे। कलाकारों ने अपने अभिनय के माध्यम से रामायण के प्रमुख प्रसंगों को जीवंत कर दिया। कुंभकर्ण वध के दृश्य ने दर्शकों को आकर्षित किया। इसके बाद भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। युद्ध के अंतिम चरण में भगवान राम ने रावण का वध किया। इस दृश्य के साथ ही दर्शकों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाए और पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। रामलीला के मंचन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कलाकारों की प्रस्तुति को दर्शकों ने सराहा। धार्मिक प्रसंगों के माध्यम से भगवान राम के आदर्शों और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया। रामलीला के अंतिम दिन आयोजन स्थल पर देर तक उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कलाकारों ने रावण वध, लक्ष्मण द्वारा रावण से ज्ञान प्राप्ति, विभीषण का लंकापति के रूप में राज्याभिषेक तथा भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के अयोध्या आगमन के प्रसंगों को जीवंत किया। तत्पश्चात श्रीराम के राज्याभिषेक और माता सीता की अग्निपरीक्षा का मंचन देख दर्शक भावविभोर हो उठे। इस गरिमामयी अवसर पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक दौर में रामलीला जैसे भव्य आयोजनों का होना सनातन धर्म की जड़ों को मजबूत करने और समाज में जागृति लाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। रामलीला केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी को जीवन जीने की कला, मर्यादा और उच्च संस्कार देती है। भगवान राम का चरित्र हर युग में प्रासंगिक है और उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर ही एक श्रेष्ठ समाज का निर्माण किया जा सकता है।

सीवन पुत्र टीम की पहल से नदी में जाने से बची 65 क्विंटल से अधिक पूजन सामग्री

नदी को स्वच्छ रखने की दिशा में पहल, पात्र बने सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए सीवन पुत्र टीम ने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सीवन नदी को प्रदूषण से बचाने की सराहनीय पहल की। टीम द्वारा विसर्जन कुंड पर रखे गए पूजन सामग्री पात्रों की मदद से दो दिनों में लगभग 65 क्विंटल से अधिक पूजन सामग्री एकत्रित की गई। यह सामग्री चार ट्रॉलियों में भरकर निकाली गई, जिससे बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री नदी में जाने से बच गई। सीवन के विसर्जन कुंड पर दो दिनों तक दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान प्रतिमाओं के साथ बड़ी मात्रा में फूल, माला एवं अन्य पूजन सामग्री भी लाई गई थी। यदि यह सामग्री सीधे नदी में प्रवाहित की जाती, तो इससे नदी में प्रदूषण बढ़ने की आशंका थी। इसे देखते हुए सीवन पुत्र टीम ने विसर्जन स्थल पर पूजन सामग्री पात्र रखवाए और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजन सामग्री नदी में डालने के बजाय निर्धारित पात्रों में ही डालें। टीम की अपील का श्रद्धालुओं ने सकारात्मक प्रतिसाद दिया और स्वच्छता अभियान में सहयोग किया। सीवन पुत्र टीम के प्रदीप चावड़ा ने बताया कि लोग अक्सर पूजन सामग्री को बोरियों और पन्नियों सहित नदी में डाल देते हैं, जिससे नदी प्रदूषित होती है। नदी की स्वच्छता बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस बार लोगों ने जागरूकता का परिचय देते हुए पूजन सामग्री पात्रों का उपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 65 क्विंटल से अधिक सामग्री एकत्रित हुई। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तीन स्थानों पर पूजन सामग्री पात्र रखे गए हैं। शीघ्र ही सीवन नदी के अन्य घाटों पर भी इन्हें रखा जाएगा, ताकि नदी में पूजन सामग्री डालने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जा सके। सीवन पुत्र टीम नदी संरक्षण और स्वच्छता के लिए संकल्पित है । प्रदीप चावड़ा ने बताया कि सीवन नदी को वर्षभर स्वच्छ बनाए रखने और जल की उपलब्धता बेहतर करने के उद्देश्य से शीघ्र ही 'जल कुंभी निकालो अभियान' शुरू किया जाएगा। इसके लिए सीवन नाव पूजन भी किया जा चुका है। इस अभियान के माध्यम से नदी में फैली जलकुंभी को हटाने और नदी के संरक्षण की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। प्रतिमा विसर्जन के दौरान स्वच्छता बनाए रखने और पूजन सामग्री एकत्रित करने में सीवन पुत्र टीम के शैलेन्द्र श्रीवास्तव, वैभव राठौर, प्रदीप चावड़ा, मुकेश राय, कनीराम मालवीय, प्रकाश यादव, राधेश्याम मकवाना,सुरेश भगत, संतोष मेवाड़ा, राहुल ठाकुर सहित अन्य सदस्यों का योगदान रहा। सीवन पुत्र टीम की यह पहल धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है। यदि श्रद्धालु इसी तरह जागरूकता दिखाएं और पूजन सामग्री को नदी में प्रवाहित करने के बजाय निर्धारित पात्रों में डालें, तो सीवन नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

खबर संक्षेप

समस्याओं के निवारण के लिए 23 को लगाएंगे शिविर

सीहोर। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सीहोर वृत्त द्वारा उपभोक्ता सेवा में उन्नयन के उद्देश्य से "समर्पक अभियान" लागू किया गया । इसी अभियान के तहत 23 अक्टूबर को आष्टा संभाग अंतर्गत जावर में शिविर शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी विद्युत संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथि को ध्यान में रखते हुए शिविर में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठाएं।

पूर्णाहुति, माता रानी की शोभायात्रा निकाली

सीहोर। ग्राम बमूलिया के माता मंदिर में नवरात्रि पर चल रही सात दिवसीय कथा का बुधवार को पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इसके बाद माता रानी की आरती की गई और भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। कथा समापन पर गांव के सभी ब्राह्मणों का स्वागत-सम्मान किया गया।

20 श्रद्धालुओं ने किया तुलादान, 400 की गोद भराई

सीहोर। तालाब के पास स्थित रानी काजल माता का दरबार आदिवासी समाज की आस्था का प्रमुख केंद्र है। शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मंगलवार को यहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान करीब 20 श्रद्धालुओं ने तुलादान किया। यह दरबार पिछले करीब 30 वर्षों से आस्था का केंद्र बना हुआ है, जबकि मंदिर का निर्माण 17 वर्ष पहले कराया गया था। ग्रामीणों के अनुसार, रानी काजल माता को आदिवासी समाज की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि नवरात्रि में यहां पंडा के माध्यम से माता की बैठक होती है। श्रद्धालु मनोकामनाएं लेकर दरबार पहुंचते हैं और मन्नत पूरी होने पर तुलादान सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान करते हैं। माता को फल-फूल, चुनरी और भोग अर्पित कर आशीर्वाद मांगते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में यहां करीब 400 गोद भराई के आयोजन हो चुके हैं। नवमी पर बिलकिसगंज सहित आसपास के आदिवासी गांवों और दूरदराज के क्षेत्रों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

पशु पालकों व स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की

मवेशियों की मौत से हड़कंप: पुलिस लाइन के सामने 8 भेड़ों की मौत, दूषित पानी की आशंका से जांच तेज

पशु चिकित्सा, पुलिस और पीएचई विभाग की टीमें जांच में जुटी, आर्थिक मदद की मांग उठी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर में पुलिस लाइन मैदान के सामने मवेशियों की अचानक मौत का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया। राजस्थान से आए एक पशुपालक की आठ भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि पानी पीने के कुछ समय बाद भेड़ों की हालत बिगड़ने लगी और देखते ही देखते पशुपालक को भारी नुकसान उठाना पड़ा। घटना के बाद दूषित पानी की आशंका जताई जा रही है, लेकिन मौत की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं है। अब जांच रिपोर्ट पर सबकी निगाहें टिकी हैं।



पानी पीने के बाद बिगड़ी हालत

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे पुलिस लाइन मैदान के सामने भेड़ों की तबीयत अचानक बिगड़ने की सूचना सामने आई। बताया गया कि मवेशियों को अनाज मंडी की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पानी पीने के बाद कुछ पशुओं की हालत खराब होने लगी। घटना की जानकारी फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और पशुओं की अचानक मौत को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जताई जाने लगीं।

राजस्थान के जालौर का रहने वाला है पशुपालक : जानकारी के मुताबिक, पशुपालक पोइया राजस्थान के जालौर जिले का निवासी है। वह अपनी भेड़ों के साथ सीहोर क्षेत्र में रहकर आजीविका चला रहा था। उसके पास लगभग 225 से 250 भेड़ें बताई गई हैं। इनमें से आठ भेड़ों की मौत ने उसके सामने आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है। पशुपालन ही आजीविका का साधन होने के कारण इस नुकसान से पशुपालक परेशान है।

पुलिस, पशु चिकित्सक और पीएचई विभाग की टीम पहुंची: घटना की सूचना मिलते ही मंडी थाना पुलिस, पशु चिकित्सा विभाग और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। पशु चिकित्सा विभाग के डॉक्टर अक्षय कुमार मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों की प्राथमिकता भेड़ों की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाना है। पानी की गुणवत्ता समेत घटना के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

जांच रिपोर्ट पर टिकी निगाहें

सीहोर में हुई इस घटना ने पशुओं की सुरक्षा और पानी की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब जरूरी है कि जांच निष्पक्षता और तेजी से पूरी हो, मौत की वजह स्पष्ट की जाए और यदि किसी स्तर पर लापरवाही सामने आती है तो तथ्यों के आधार पर जिम्मेदारी तय की जाए। फिलहाल, आठ भेड़ों की मौत का रहस्य जांच रिपोर्ट के बाद ही सुलझ सकेगा।

पोस्टमार्टम और सैंपल जांच से खुलेगा मौत का राज

प्रारंभिक तौर पर दूषित पानी पीने की आशंका व्यक्त की गई है, लेकिन जांच पूरी होने से पहले इसे मौत का निश्चित कारण नहीं माना जा सकता। जानकारी के अनुसार, दो भेड़ों का पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही गई है। इसके साथ ही आवश्यक सैंपल लेकर जांच की जा रही है। रिपोर्ट सामने आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि भेड़ों की मौत किसी विषैले या दूषित पदार्थ, पानी की गुणवत्ता अथवा किसी अन्य कारण से हुई।

आर्थिक मदद की मांग, प्रशासन से राहत की उम्मीद

घटना के बाद पशुपालक और स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आर्थिक सहायता देने की मांग की है। उनका कहना है कि भेड़ों की मौत से पशुपालक को नुकसान हुआ है और उसे राहत मिलनी चाहिए। हालांकि आर्थिक सहायता को लेकर प्रशासन की ओर से किसी निर्णय की पुष्टि नहीं हुई है।

पिछले 5 दिन से रिमझिम होने के बाद:सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास, अगले 2 दिन भी ऐसा ही रहेगा मौसम

सीहोर। जिले में मानसून की विदाई के करीब एक महीने बाद भी बेमौसम बारिश का दौर जारी है। पिछले 5 दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के चलते मौसम में ठंडक घुल गई है। बीती रात सीहोर जिले के कई इलाकों में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश हुई। बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है, वहीं आगामी फसल के लिए खेत भी लगभग तैयार हो गए हैं।



सीहोर और श्यामपुर में बारिश दर्ज

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, सीहोर में पिछले दिन 7 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, आज सीहोर में करीब 0.087 इंच और श्यामपुर में 0.098 इंच बारिश दर्ज हुई। भोपाल-इंदौर रोड पर स्थित जताखेड़ा और मगसपुर गांव में भी रात के समय बारिश हुई।

स्थानीय मौसम प्रणाली से हो रही बारिश : मौसम विभाग के मुताबिक, वातावरण में नमी और स्थानीय मौसम प्रणाली के कारण बारिश हो रही है। मानसून की विदाई के बाद भी हवाओं के रुख में बदलाव और बादलों की आवाजाही से जिले में छिटपुट बारिश और बूंदाबांदी का दौर बना हुआ है।

मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अगले दो दिन मौसम का मिजाज ऐसा ही रहने की संभावना है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी आने और अधिकांश क्षेत्रों में आसमान साफ होने के आसार हैं। बारिश थमने के बाद भी सुबह और शाम हल्की ठंड महसूस हो सकती है, जबकि दिन में धूप निकलने से मौसम सुहाना रहने की उम्मीद है।

वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए जिला अस्पताल में विशेष चेस्ट क्लीनिक आयोजित


सीहोर। वायु प्रदूषण से होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार के लिए जिला अस्पताल सीहोर में विशेष चेस्ट क्लीनिक शुरू किया गया है। यहां नागरिकों को सांस संबंधी समस्याओं की जांच, उपचार और परामर्श की सुविधा मिलेगी। क्लीनिक का संचालन 15 अक्टूबर से 28 फरवरी 2027 तक किया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के अंतर्गत यह पहल की गई है। क्लिनिक में सांस लेने में तकलीफ, लगातार खांसी, चक्कर आना, आंखों में जलन और छाती से जुड़ी समस्याओं की जांच की जाएगी। मरीजों को उचित निदान, उपचार और नियमित फॉलो-अप की सुविधा भी मिलेगी।

क्लिनिक में विशेषज्ञ डॉक्टरों, प्रशिक्षित स्टाफ और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की व्यवस्था की गई है। गंभीर मरीजों का अलग रिकॉर्ड रखा जाएगा। साथ ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब होने पर बरती जाने वाली सावधानियों, मास्क के सही उपयोग और धूम्रपान छोड़ने के संबंध में परामर्श दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं के माध्यम से मरीजों का फॉलो-अप भी किया जाएगा। डॉ. डेहरिया ने नागरिकों से अपील की है कि वायु प्रदूषण या धुएं के कारण सांस, फेफड़े अथवा हृदय से संबंधित परेशानी होने पर जिला अस्पताल के चेस्ट क्लिनिक में पहुंचकर जांच कराएं और स्वास्थ्य लाभ लें।

सड़क पर अवैध बोरिंग कराने पर नगर पालिका का एक्शन, मकान मालिक पर 10 हजार जुर्माना

सीहोर। नगर पालिका के एक्शन ने इस मुगालते को चंद मिनटों में चकनाचूर कर दिया। जैसे ही सड़क चीरती भारी मशीनों की आवाज गूंजी, प्रशासनिक अमला पूरी ताकत के साथ मौके पर आ धमका और तुरंत इस गैरकानूनी काम पर पूर्ण विराम लगा दिया।



अवैध खनन पर नपा का तुरंत एक्शन

जानकारी के अनुसार गंज क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 में वर्जीनिया एक्का नामक मकान मालिक द्वारा अपने निजी फायदे के लिए सार्वजनिक रास्ते पर बोरिंग मशीन लगवा दी गई थी। मशीन चालू हुई और जमीन के अंदर अभी महज़ एक ही पाइप धकेला गया था कि नगर पालिका की टीम ने रेड मार दी। अमले ने मौके पर पहुंचते ही काम को तत्काल प्रभाव से बंद करवाया और मनमानी कर रहे लोगों की सारी हेकड़ी निकाल दी। सार्वजनिक रास्ते को नुकसान पहुंचाने और बिना किसी अनुमति के बीच सड़क पर भारी मशीनें दौड़ाने की इस हिमाकत को बर्दाश्त करने का कोई सवाल ही नहीं था।

कार्यपालन यंत्री विजय कोली के नेतृत्व में कड़क कार्रवाई : यह सख्त और सीधी कार्रवाई नगर पालिका के कार्यपालन यंत्री विजय कोली के नेतृत्व में अंजाम दी गई। विजय कोली के निर्देश पर पहुंचे दल ने मौके पर मौजूद लोगों को दो टूक चेताया कि शहर के बुनियादी ढांचे से खिलवाड़ करने की छूट किसी को नहीं दी जाएगी।

प्रशासनिक अधिकारियों ने न केवल अवैध खनन को तुरंत प्रभाव से बंद कराया, बल्कि मौके पर पंचनामा बनाते हुए सीधी कानूनी कार्रवाई का शिकंजा कस दिया। अफसरों की इस तेवर भरी मौजूदगी से मौके पर अवैध कार्य को शह दे रहे लोगों में हड़कंप मच गया।

मकान मालिक पर 10,000 का जुर्माना

कोली ने बताया कि सड़क को निजी संपत्ति समझकर कानून तोड़ने की इस हरकत पर मकान मालिक वर्जीनिया एक्का के खिलाफ सीधे दंडात्मक कार्रवाई करते हुए 10,000 रुपये का भारी जुर्माना कर समन शुल्क वसूल किया गया। अधिकारियों ने साफ लहजे में हिदायत दी है कि मशीन संचालक हो या मकान मालिक, यदि किसी ने भी नगर पालिका क्षेत्र में बिना वैधानिक अनुमति के सड़कों को नुकसान पहुंचाया या सार्वजनिक जमीन पर कब्जा व खनन किया, तो सिर्फ जुर्माना ही नहीं लगेगा, बल्कि कानूनी धाराओं के तहत मशीनें जब्त कर सख्त कानूनी मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा।

निर्माण श्रमिक संघ ने श्रमिकों को वितरित किए उपहार योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचाने की उठाई मांग

सीहोर। निर्माण श्रमिक संघ के तत्वावधान में बुधवार को आरएके कॉलेज के समीप स्थित एक निजी कॉलोनी में श्रमिकों के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं ठेकेदार राजकुमार पुरविया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में भगवान विश्वकर्मा की हवन-पूजन के साथ आराधना की गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित निर्माण श्रमिकों को उपहार वितरित किए गए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने श्रमिकों के सम्मान, सामाजिक सुरक्षा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में इंजीनियर पवन दीप सम्राट, प्रतीक पाराशर तथा संस्कार मंच की ओर से धर्मेन्द्र माहेश्वरी सहित अन्य अतिथियों ने श्रमिकों को संबोधित किया। इस दौरान श्रमिकों के योगदान और निर्माण कार्यों में उनकी भूमिका पर चर्चा की गई। राजकुमार पुरविया ने श्रमिकों को उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने कहा कि श्रमिकों को हर प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। नशे की लत व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करने के साथ उसके परिवार और सामाजिक जीवन पर भी नकारात्मक असर डालती है। एक व्यक्ति की नशे की आदत से पूरे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि नशे की आदत छोड़ने के लिए सकारात्मक सोच रखने वाले और नशे से दूर रहने वाले लोगों के साथ अधिक समय बिताना चाहिए। नशे की सामग्री शुरुआत में व्यक्ति को उत्तेजित कर सकती है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी गिरफ्त में आने पर जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने लगता है। इसलिए जागरूकता और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नशे से दूरी बनाए रखना जरूरी है।श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा और कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कामगारों के हित में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने श्रमिकों से अपील की कि वे अपना आवश्यक पंजीयन कराएं और पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं का लाभ लें। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को योजनाओं की जानकारी होना भी जरूरी है, ताकि कोई पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। निर्माण श्रमिकों के हितों की रक्षा, उनके परिवारों की सुरक्षा और उन्हें सरकारी सुविधाओं से जोड़ने के लिए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की उठाई आवाज

ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर पुतला दहन का किया गया प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर महाराणा प्रताप चौक पर शासन के विरोध में पुतला प्रदर्शन किया और सरकार का पुतला दहन करने का प्रयास किया गया। इसे लेकर कार्यकर्ताओं पुलिस के बीच झूमा झटकी भी हुई। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ताओं ने ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने की मांग उठाते हुए सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का मुद्दा प्रमुखता से उठाया प्रदर्शनकारियों ने कहा कि ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का मुद्दा लंबे समय से चर्चा में है। न्यायालय में आरक्षण से जुड़े प्रकरणों के चलते इस विषय पर कानूनी स्थिति प्रभावित हुई है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि शासन स्तर पर आवश्यक पहल



कर ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं दलित,पिछड़ा एवं आदिवासी समाज संगठन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शिक्षा,सरकारी नौकरियों और सामाजिक प्रतिनिधित्व में वंचित एवं पिछड़े वर्गों को उचित अवसर मिलना चाहिए उन्होंने शासन-प्रशासन से आरक्षण संबंधी मुद्दे का न्यायसंगत समाधान निकालने और संविधान में दिए गए अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

इस अवसर पर दलित,पिछड़ा एवं आदिवासी समाज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य दामोदर सिंह यादव मंडल तथा संगठन के जिला अध्यक्ष विजय वर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं ने 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को आगे बढ़ाने की बात कही।

प्रदर्शन में संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश बाकोड़िया,धनराज उईके,मोनू उईके,ईश्वर उईके,गौरव,कलपेश चौहान,मोहित उईके एवं टीना सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं ने ओबीसी वर्ग को सत्ताइस प्रतिशत आरक्षण का लाभ सुनिश्चित करने तथा दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा की मांग दोहराई।

नगर के अतुल सिंह का राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

अंडर-14 वर्ग में मुरैना में दिखाएंगे खेल प्रतिभा,कोच आकाश मसीह के मार्गदर्शन में हासिल की उपलब्धि

बुधनी। नगर के दीन दयाल कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अतुल सिंह का चयन राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अंडर-14 वर्ग में चयनित अतुल 23 से 27 अक्टूबर तक मुरैना में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उनके चयन से विद्यालय परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

अतुल सिंह ने नियमित अभ्यास,कड़ी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्हें कोच आकाश मसीह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण मिला। उनके निर्देशन में अभ्यास करते हुए अतुल ने अपने खेल कौशल को निखारा और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तक पहुंचने में सफलता प्राप्त की। कोच आकाश मसीह पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर उनकी प्रतिभा निखारने में जुटे हैं। उनके मार्गदर्शन में कई खिलाड़ी कबड्डी और वॉलीबॉल जैसी प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। वे खिलाड़ियों को खेल की तकनीक, अनुशासन, टीम भावना और बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित रूप से प्रेरित करते हैं उनके



प्रयासों से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिल रहा है। अतुल सिंह के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर संस्था के डायरेक्टर जे.के. त्रिपाठी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की उन्होंने आशा व्यक्त की कि अतुल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और बुधनी नगर का नाम रोशन करेंगे अतुल की इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों में भी उत्साह है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलना अतुल के लिए गौरव की बात है,वहीं उनकी सफलता क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

पुराने दशहरा मैदान के संरक्षण के लिए मंत्री टेटवाल ने 30 लाख देने की घोषणा की

विजयादशमी पर बारिश के बीच रावण का दहन, आतिशबाजी से गूंजा नगर





अखाड़ा प्रदर्शन के साथ निकला भव्य चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर में बारिश के बीच दो स्थानों पर रावण दहन किया गया। बस स्टैंड स्थित नए दशहरा मैदान में 65 फीट और पुराने दशहरा मैदान में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन हुआ। भव्य चल समारोह, अखाड़ों के प्रदर्शन और रंगारंग आतिशबाजी ने आयोजन को आकर्षक बना दिया। बारिश के बावजूद रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में नगरवासी पहुंचे। आतिशबाजी से आसमान रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठा और पूरा नगर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान पुराने दशहरा मैदान के संरक्षण के लिए राज्यमंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने भी संरक्षण कार्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

हिंदू उत्सव समिति के नेतृत्व में शाम 4 बजे पटवावाड़ी स्थित अंबे माता मंदिर में पूजा-अर्चना और आरती के बाद चल समारोह प्रारंभ हुआ। भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमानजी रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले। ढोल की थाप, धार्मिक जयकारों और अखाड़ों के रोमांचक प्रदर्शन ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। चल समारोह में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। अंबे माता चैक से शुरू हुआ चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराने दशहरा मैदान पहुंचा। कार्यक्रम में एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी महेश सुनैया, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि, समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

नप व हिउस के संयुक्त आयोजन में हुआ रावण दहन

कुरावर। असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर नगर परिषद कुरावर एवं हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में नगर में भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रावण दहन स्थल बरेजा पर उत्सव जैसा माहौल रहा। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इनमें महिलाएं, बच्चे



और युवा भी शामिल रहे।कार्यक्रम के दौरान धार्मिक उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। आयोजन स्थल पर रावण दहन देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। सभी को रावण दहन के उस क्षण का इंतजार था, जो बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है।

रावण दहन कार्यक्रम से पहले आयोजित रामलीला का समापन हुआ। रामलीला के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश प्रस्तुत किया गया। रामलीला समाप्त होने के बाद आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी की गई।

परंपरा अनुसार रामलीला परिसर से राम सवारी आती है

नगर परिषद की बड़ी लापरवाही, राम जी की सवारी आने से पहले ही जल गया रावण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर के दशहरा मैदान में नगर परिषद की बड़ी लापरवाही सामने आई। यहां भगवान राम की सवारी पहुंचने से पहले ही 51 फीट का रावण धू-धू कर जल उठा, जिससे दशहरा मैदान मैदान मे हड़कंप मच गया। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष परम्परा अनुसार रामलीला परिसर से राम सवारी तथा भगवान के विमान भव्य राम सवारी के रूप में दशहरा मैदान पहुंचते हैं जहां पर आतिशबाजी के साथ भगवान राम रावण के पुतले पर तीर चलाकर दहन करते हैं।लेकिन आश्चर्य जब हुआ कि लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए इस विशाल पुतले को नगर परिषद की अव्यवस्थाओं का शिकार होना पड़ा।

दरअसल जन चर्चा का विषय बना रहा की परिषद ने आतिशबाजी की व्यवस्था रावण के नजदीक में कर रखी थी। इसी बीच एक चिंगारी उठी और देखते ही देखते पूरा पुतला स्वाहा हो गया।मौके पर हजारों की भीड़ मौजूद थी। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के हाथों में मोबाइल थे, जो इस ऐतिहासिक पल को कैद



कर रहे थे। लेकिन आंखों के सामने रावण जलता देख लोगों का सारा जोश ठंडा पड़ गया। भीड़ में मायूसी छा गई और हर तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

'सवालों के घेरे में नगर परिषद'

- सुरक्षा का होमवर्क क्यों नहीं किया गया
- आतिशबाजी रावण से दूर क्यों नहीं लगाई गई
- हजारों की भीड़ में फायर सेफ्टी के क्या इंतजाम थे

किरकिरी के बाद जागी परिषद, आनन-फानन में बनाया दूसरा पुतला

जमकर किरकिरी होने के बाद नगर परिषद ने तत्काल फ्लेक्स पर रावण का सिर तथा कपड़े तथा घास पुस्टे से आनन-फानन में दूसरा पुतला खड़ा किया गया। इसके बाद जैसे ही भगवान राम की सवारी मंच पर पहुंची, एक ही बाण से रावण का वध किया गया। जहां पर लगभग सात बजकर पैंतालीस मिनट पर रावण दहन हुआ और जय श्री राम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

वर्षों पुराना बरगद का पेड़ गिरा, कोलूभेरू मंदिर क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

शहर के सुठालिया बायपास के आगे स्टेट हाईवे पर स्थित कोलूभेरू मंदिर के समीप लगे वर्षों पुराना बरगद का पेड़ मंगलवार रात्रि में आए आंधी तुफान बारिष के चलते धराषाही हो गया है। पेड़ के गिर जाने से पास में बने कोलूभेरू महाराज का मंदिर भी क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पेड़ की लंबाई अधिक होने के कारण रोड का आवागमण भी बंद हो गया। बुधवार सुबह नगर पालिका की टीम ने पहुंचकर पेड़ की कटाई-छटाई कर रोड से हटाया गया, तब कही फिर से सुगम आवागमण चालू हो पाया।



पांच विकासखंडों में 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक लगेंगे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

एडिप योजना एवं राष्ट्रिय वयो श्री योजना के अंतर्गत मंदसौर जिले के दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों को ट्राईसाइकल, मोटर ट्राइसइकल, कृत्रिम अंग एवं जीवन सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हांकन/मुल्यांकन हेतु परीक्षण शिविर समस्त विकासखण्ड स्तर पर निम्नांकित तिथियों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। 26 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे जनपद पंचायत परिसर मंदसौर शिविर में मंदसौर विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत मंदसौर, नगर पालिका मंदसौर, नगर परिषद नगरी। 27 अक्टूबर को प्रातः 11:00 बजे जनपद पंचायत परिसर मल्हारगढ़ में मल्हारगढ़ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत मल्हारगढ़, नगर पालिका मल्हारगढ़, नगर परिषद मल्हारगढ़, नगर परिषद नारायणगढ़, नगर परिषद पिपलिया मंडी। 28 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सांदीपनी विद्यालय सितामऊ रोड़ लदुना में सितामऊ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत सितामऊ, नगर परिषद सितामऊ, नगर परिषद सुवासरा। 29 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सिविल हॉस्पिटल परिसर भानपुरा में भानपुरा विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत भानपुरा, नगर परिषद भानपुरा, नगर परिषद भैंसोदा। 30 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे सिविल हॉस्पिटल परिसर गरोठ में गरोठ विकासखण्ड में सम्मिलित जनपद पंचायत गरोठ, नगर परिषद गरोठ, नगर परिषद शामगढ़। परीक्षण शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) उज्जैन के पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनो एवं वृद्धजनों का चिन्हांकन, मुल्यांकन किया जायेगा एवं पात्र पाए जाने पर आगामी शिविर में उपकरण वितरित किये जाएंगे और कृत्रिम अंग का वितरण शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।

असत्य पर सत्य की जीत, बुराई रूपी रावण का दहन

विजयादशमी पर भगवान रघुनाथजी का निकाला चल समारोह, अखाड़ों के कलाकारों ने दिखाए करतब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर में मंगलवार को विजयादशमी का पर्व पारंपरिक उल्लास और धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। मेले वाले बाग स्थित दशहरा मैदान में भगवान रघुनाथजी के बाण का स्पर्श कराकर रावण दहन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

विजयादशमी पर दोपहर 3 बजे रघुनाथजी मंदिर से सलामी की परंपरा के साथ भगवान रघुनाथजी का चल समारोह शुरू हुआ। नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ चल समारोह दशहरा मैदान पहुंचा। रास्ते में जगह-जगह अखाड़ों के कलाकारों ने अपने करतबों का प्रदर्शन किया। इसके बाद



दशहरा मैदान में भगवान रघुनाथजी के बाण का स्पर्श कराकर रावण दहन किया गया। पूजन-आरती के बाद गर्भगृह में विराजित की प्रतिमाएं रावण दहन के बाद भगवान रघुनाथजी का विमान वापस मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना और आरती के बाद देव प्रतिमाओं को पुनः गर्भगृह में विराजित किया गया। इसके बाद नगर में दशहरा मिलन का सिलसिला शुरू हुआ, जो देर रात तक चलता रहा।

लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर दशहरा मिलन किया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। समिति सहित प्रशासन का रहा सहयोग आयोजन में हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं विधायक मोहन शर्मा सहित नगर पालिका, पुलिस-प्रशासन तथा विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संगठनों का सहयोग रहा।

संजय टाइगर रिजर्व में भारतीय गौरों के सामाजिक व्यवहार पर किया शोध

भास्कर भंडारी अमेरिका के न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के सुल्तानिया गांव निवासी भास्कर भंडारी ने अमेरिका में अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्हें न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय संरक्षण विज्ञान छात्र सम्मेलन में 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि से सुल्तानिया गांव सहित पूरे जिले में खुशी का माहौल है। भास्कर भंडारी ने न्यूयॉर्क स्थित अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में आयोजित सम्मेलन में मध्यप्रदेश के संजय टाइगर रिजर्व में पुनर्स्थापित भारतीय गौरों के सामाजिक व्यवहार पर अपना शोध प्रस्तुत किया। उनकी शोध प्रस्तुति को उत्कृष्ट माना गया, जिसके लिए उन्हें 'बेस्ट टॉक' पुरस्कार प्रदान किया गया।



प्रकृति के प्रति प्रेम ने दिलाई सफलता

भास्कर बचपन से ही प्रकृति को करीब से समझने और जानने के जिज्ञासु रहे हैं। पशु-पक्षियों और वनस्पतियों के प्रति उनका विशेष लगाव रहा है। प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति इसी रुचि ने उन्हें शोध के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और आज वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। भास्कर के पिता सेवानिवृत्त पशु चिकित्सक हैं और पशुपालन से भी जुड़े रहे हैं। परिवार में पशुओं के प्रति लगाव और प्रकृति से जुड़ाव ने भी उनके जीवन को प्रभावित किया है। भास्कर की इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से सुल्तानिया गांव का गौरव बढ़ा है। उनकी सफलता पर ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

तकनीकी कार्य हेतु नियमित कर्मचारी नियुक्त किए जाएं: विद्युत फेडरेशन

मंदसौर। म. प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री डी. एस. चंद्रावत ने ऊर्जा मंत्री, ऊर्जा सचिव एवं विद्युत कंपनी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर मांग की है कि विद्युत विभाग कि कार्यप्रकृति जोखिम भरी एवं स्थाई है तकनीकी कार्य हेतु नियमित कर्मचारी ही नियुक्त किए जाएं। नियमित कर्मचारी कि नियुक्ति होने तक कंपनी द्वारा वैकल्पिक रूप से जो आउटसोर्स कर्मी नियुक्त किए जा रहे हैं वो अकुशल श्रेणी में नियुक्त किए जा रहे हैं अकुशल श्रेणी के कर्मचारी विद्युत लाइन पर कार्य करने हेतु अधिकृत नहीं होने के कारण विद्युत दुर्घटना घटित होने पर साथी नियमित कर्मचारी, उपकेंद्र प्रभारी एवं वितरण केंद्र प्रभारी को वैधानिक एवं व्यवहारिक रूप से काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। पुलिस विभाग द्वारा भीड़ के दबाव में नियमित कर्मचारी के खिलाफ बिना जांच किए पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर दी जाती हैं। भीड़ द्वारा अनावश्यक दबाव बनाकर लाखों रुपए मुआवजा दिलाने हेतु अनैतिक कार्यवाही करते हुए कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास किए जाते हैं। इन परिस्थितियों के चलते वर्तमान में प्रदेश के विद्युत कर्मचारी तनावग्रस्त होकर काफी भयभीत हैं।

विद्युत लाइन पर कार्य करते समय सदैव एक अतिरिक्त कर्मचारी साथ में रखा जाना चाहिए। पूरे प्रदेश में फीडर सेपरेशन का निर्माण कार्य करते समय कई स्थानों पर लाइन क्रॉसिंग में उचित दूरी नहीं रखी गई हैं जिसके कारण आए दिन विद्युत दुर्घटनाएं हो रही हैं। सभी क्रॉसिंग प्वाइंट पर उचित दूरी रखते हुए दोनों लाइन के बीच गार्डिंग लगवाई जाएं। सभी आउटसोर्स कर्मी का 50 लाख का दुर्घटना बीमा एवं 20 लाख रुपए का सामूहिक बीमा किया जाएं। यह जानकारी वृत अध्यक्ष दिलीप शर्मा, रीजनल सेक्रेटरी अरुण राठौर द्वारा दी गई।

मां दुर्गा की आराधना अवश्य फलदायी होती है: संत रामकिशोर दास

मंदसौर। जीवागंज स्थित श्री पिपली वाली माता जी मंदिर प्रांगण में नवशक्ति गरबा मंडल द्वारा आयोजित गरबोत्सव के पुरस्कार वितरण एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह तीन छतरी बालाजी मंदिर के पूज्य संत रामकिशोर दास महाराज के सानिध्य में तथा जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी प्रतीक डोसी, मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन रामचंदानी उपाध्यक्ष ब्रजेश जोशी भी मंचासीन थे। समारोह में आशीर्वचन देते हुए पूज्य संत रामकिशोर दास जी महाराज ने कहा कि शारदीय नवरात्रि का यह महान पर्व हम सबके जीवन को एक नई दिशा देने के लिए आता है। माताजी की आराधना अवश्य फलदायी होती है। और हम सबका कल्याण होता है। जिला पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने कहा कि हमारे पारंपरिक पर्व और उत्सव जीवन में नई उमंग भर देते हैं। वास्तव में प्रत्येक पर्व की अपनी महत्ता होती है इनके पीछे निहित संदेश भी हमें ग्रहण करना चाहिए। आपने कहा कि एक संस्कारित समाज सुदृढ़ राष्ट्र की नींव होता है। हमारे पारंपरिक उत्सव संस्कार संस्कृति और सामाजिकता के भाव को जगाते हैं। विषेश अतिथि समाजसेवी प्रतीक डोसी ने भी शुभकामनाएं व्यक्त कीं। आरंभ में स्वागत उद्बोधन देते हुए ब्रजेश जोशी ने जीवागंज में आयोजित गरबोत्सव के इतिहास ओर यहां की धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियों से अवगत कराया।

आरामशीनों तक पहुंचाई जा रही लकड़ी

उड़न दस्ते की कार्रवाई के बाद भी नहीं थम रहा अवैध लकड़ी परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मांचलपुर

क्षेत्र में लकड़ी के कथित अवैध परिवहन का मामला वन विभाग की कार्रवाई के बाद भी सवालों के घेरे में है। आरोप है कि क्षेत्र में संचालित कुछ आरामशीनों तक बबूल की लकड़ी की आड़ में अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है। कथित तौर पर दिन-रात जारी इस परिवहन में लकड़ी की प्रजातियों और आवश्यक दस्तावेजों की जांच को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि वन विभाग के उड़न दस्ते की कार्रवाई के बावजूद लकड़ी के परिवहन पर पूरी तरह रोक लगने की स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में कार्रवाई के बाद भी यदि परिवहन जारी है, तो



इसकी निगरानी किस स्तर पर की जा रही है? क्या लकड़ी से लदे वाहनों के दस्तावेजों की नियमित जांच हो रही है और आरामशीनों तक पहुंचने वाली लकड़ी के स्रोत का सत्यापन किया जा रहा है?

बबूल की आड़ में दूसरी लकड़ियों के परिवहन -क्षेत्र में बबूल की लकड़ी के साथ अन्य प्रतिबंधित प्रजातियों की लकड़ियां लाए जाने की चर्चा है। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि के लिए लकड़ी की प्रजातियों, परिवहन अनुमति और संबंधित आरामशीनों के अभिलेखों की जांच जरूरी है। यदि बिना वैध अनुमति प्रतिबंधित लकड़ियों का परिवहन किया जा रहा है, तो यह वन नियमों के उल्लंघन का मामला हो सकता है। ऐसे में संबंधित वाहनों और लकड़ी के भंडारण की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है।

रेंजर बोले- लगातार कर रहे कार्रवाई, दिन में भी बढ़ाएंगे गश्त

इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी गुलाब प्रसाद अरमा से उनका पक्ष जानने के लिए चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है और नियमित गश्त भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि विभाग दिन के समय भी गश्त बढ़ाएगा।अब देखना होगा कि गश्त बढ़ाने और कार्रवाई जारी रखने के दावे के बीच लकड़ी के कथित अवैध परिवहन पर कितनी प्रभावी रोक लग पाती है।

प्लेटफॉर्म पर रेल अधिकारियों ने लगाया रेल जन संवाद कैम्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शामगढ़

कोटा रेल मंडल अंतर्गत आने वाले शामगढ़ रेलवे स्टेशन पर गुरुवार सुबह कोटा रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रेल जनसंवाद कैंप आयोजित किया गया । कैंप में कोटा से आए वरिष्ठ रेल अधिकारियों द्वारा यात्रियों की समस्या सुनी गयी और यात्रियों से रेल सेवा में परिवर्तन और सुविधाओं के संबंध में सुझाव भी मांगे गए ,यात्रियों द्वारा जनरल कोच में साफ सफाई की शिकायत की गई। शामगढ़ प्लेटफार्म नंबर एक पर टिकट वैंडिंग मशीन लगाने के सुझाव साझा किए । साथ ही ट्रेन में महिला सुरक्षा हेतु पुलिस गश्ती दल के



ड्यूटी हर ट्रेन में लगाने के सुझाव भी दिए , रेल अधिकारियों का ज्यादा ध्यान जैन जी जनरेशन की समस्याओं पर रहा ।एक छोटे बच्चे (यात्री) द्वारा भी समस्या लिखाई गई ,जिसमें छोटे बच्चों ने कहा कि उसे हर बार ट्रेन में विंडो सीट मिलना चाहिए सरकार को चाहिए कि बच्चों को हमेशा विंडो सीट दी जाए। , बच्चे की बात सुनकर स्टेशन पर मौजूद सभी रेल अधिकारी हंसने लगे और छोटे रेल यात्री की समस्या भी नोट की गई। इस रेल संवाद कैम्प में कोटा रेल मंडल के सीनियर डीई नीरज शर्मा, एपीओ विमल मीणा, वेलफेयर इंस्पेक्टर आरबी मीणा सहित शामगढ़ स्टेशन अधीक्षक फिरोज खान, आईओडब्लू हरि प्रकाश सहित कई रेल अधिकारी कर्मचारी और आरपीएफ स्टॉफ मौजूद रहा।

रोटरी क्लब की प्रेरणा से हुआ लक्ष्मीलाल जैन का देहदान, राजकीय सम्मान से दी गई अंतिम विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंदसौर

मंदसौर जैन समाज के प्रमुख लक्ष्मीलाल जैन के निधन के पश्चात परिजनों ने एक अनुकरणीय और साहसिक निर्णय लेते हुए उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया। रोटरी क्लब मंदसौर की प्रेरणा से संपन्न हुए इस पुनीत कार्य से समाज में देहदान के प्रति जागरूकता का एक नया संदेश गया है।

क्लब अध्यक्ष अनिल चौधरी व सचिव संजय जैन (श्वेता) ने बताया कि गत 21 अक्टूबर को दोपहर 3.30 बजे श्री लक्ष्मीलाल जैन का निधन हुआ। निधन की सूचना दोपहर 3.45 बजे मिलते ही रोटरी क्लब मंदसौर के



सदस्यों ने तुरंत उनके शोकाकुल परिजनों से संपर्क साधा। क्लब के सदस्यों ने परिजनों को देहदान के महत्व और प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसके बाद परिजनों ने दिवंगत आत्मा के पार्थिव शरीर को चिकित्सा शिक्षा एवं शोध हेतु दान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। स्वीकृति मिलने के तुरंत बाद रोटरी क्लब परिवार ने देहदान की संपूर्ण प्रक्रिया समय रहते पूरी करवाई। शाम 6 बजे राज्य सरकार की गाइडलाइन के अनुसार जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामयी मौजूदगी में पुलिस बल द्वारा दिवंगत लक्ष्मीलाल जैन को गार्ड ऑफ ऑनर देकर राजकीय सम्मान से अंतिम विदाई दी गई। तत्पश्चात पार्थिव शरीर को मोक्ष रथ के माध्यम से सुंदरलाल पटवा मेडिकल कॉलेज, मंदसौर ले जाया गया। वहाँ मेडिकल कॉलेज की डीन श्रीमती शशि गांधी एवं मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने देहदानी के पार्थिव शरीर को प्राप्त कर पुष्पमाला पहनाकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को आधिकारिक देहदान पत्र सौंपा।

खबर संक्षेप

जनसुनवाई में आवेदन लेकर पहुंचे ग्रामीण



आष्टा। धर्मशाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने से लेकर अतिक्रमण हटाने, सीसी रोड बनाने और बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण विधायक कार्यालय पहुंचे। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सुबह 11 बजे से जनसुनवाई कर समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम गोपालपुर के ग्रामीणों ने बाबा रामदेवजी की धर्मशाला निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने का पत्र सौंपा। वहीं, मुंदीखेड़ी में बाबा रामदेवजी मंदिर निर्माण के लिए सहयोग राशि, कृषि भूमि तक जाने वाले शासकीय रास्ते से अतिक्रमण हटाने और शासकीय महाविद्यालय आष्टा में कार्यरत कर्मचारियों की सेवाएं निरंतर रखने की मांग भी उठी। इसके अलावा ट्रांसफार्मर का उन्नयन, विद्युत पोल स्थापित करने, अहीर यादव समाज की धर्मशाला के लिए भूमि आवंटन, ग्राम बापचा दौनिया में सीसी रोड निर्माण, स्वैच्छिक स्थानांतरण और भूमि सीमांकन सहित अन्य विषयों पर आवेदन दिए गए। विधायक ने मौके पर ही विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। हर बुधवार को होने वाली जनसुनवाई में क्षेत्र के नागरिक अपनी समस्याएं और मांगें लेकर पहुंचते हैं।

धर्मसभा को मुनि सागर और अगर्भ सागर महाराज ने किया संबोधित

सरलता और अहंकार रहित जीवन ही धर्म मार्ग पर आगे बढ़ाता है: अगर्भ सागर

भगवान के गुणगान से पुण्य मिलता है, लेकिन जीवन में गुरु की वाणी सुनकर आचरण में उतारना जरूरी: मुनि सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मनुष्य जीवन में सुखी रहना चाहता है, लेकिन उसके व्यवहार और कार्य ऐसे होते हैं, जो उसे दुखी बनाए रखते हैं। आज व्यक्ति दूसरों को सुनाना चाहता है, लेकिन स्वयं सुनने के लिए तैयार नहीं है। धर्म का वास्तविक लाभ तभी मिलता है, जब हम भगवान के गुणों का गुणगान करने के साथ गुरु की वाणी को ध्यानपूर्वक सुनें और उसे अपने जीवन में उतारें। केवल बोलने से नहीं, बल्कि सुनने, समझने और आचरण सुधारने से जीवन में परिवर्तन आता है।पंचकल्याणक धर्म आराधना के लिए हों, धन एकत्रित करने का माध्यम नहीं।

यह आशीष वचन समाधि सम्राट वात्सल्य रत्नाकर मुनिराज भूतबलि सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि सागर महाराज ने श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनि सागर महाराज ने कहा कि भगवान वीतरागी हैं। वे राग-द्वेष से रहित हैं। मनुष्य भगवान के सामने कितना ही गुणगान करे, पूजा-अर्चना करे, उसका आध्यात्मिक लाभ तभी सार्थक होगा, जब वह अपने भीतर गुणों को विकसित करने का प्रयास करेगा। भगवान की आराधना से पुण्य का अर्जन होता है, लेकिन जीवन को बेहतर बनाने के लिए भगवान के बताए मार्ग पर चलना भी आवश्यक है।

उन्होंने दर्पण का उदाहरण देते हुए कहा कि दर्पण के सामने व्यक्ति जैसा होता है, वैसा ही प्रतिबिंब दिखाई देता है। इसी प्रकार धर्म और भगवान की आराधना हमें अपने भीतर झांकने की प्रेरणा देती है। हमें यह देखना चाहिए कि हमारे जीवन में कितनी सरलता है, कितना अहंकार है और हम अपने व्यवहार में कितना सुधार कर रहे हैं। मुनिश्री ने समझाया कि भगवान के गुणों का वर्णन करने के साथ स्वयं में उन गुणों को धारण करने का प्रयास करना चाहिए।

भगवान का संदेश है कि जिस साधना और आचरण से हम अपने जीवन को ऊंचा उठाते हैं, उसी मार्ग पर चलकर तुम भी आत्मकल्याण कर सकते हो। मुनि सागर महाराज ने कहा कि अधिकांश लोग भगवान के सामने अपनी बात कहते हैं, अपनी इच्छाएं बताते हैं, लेकिन जब गुरु धर्म का मार्ग समझाते हैं, तब उनकी बात सुनने में रुचि नहीं लेते।जबकि गुरु भगवान की वाणी और सिद्धांतों को ही समझाते हैं। इसलिए गुरु के उपदेशों को ध्यान पूर्वक सुनना और उन्हें जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मरीज यदि डॉक्टर को अपनी बात सुनाता रहे, लेकिन डॉक्टर की सलाह नहीं सुने, तो उसकी बीमारी कैसे दूर होगी ? इसी प्रकार मनुष्य अपनी समस्याएं तो सबको बताता है, लेकिन उनके समाधान के लिए धर्म और गुरु की बात सुनने को तैयार नहीं होता। जीवन में सुधार के लिए सुनने की क्षमता विकसित करना जरूरी है।मुनिश्री ने कहा कि सरल स्वभाव वाला और अहंकार से दूर रहने वाला व्यक्ति दूसरों की बात सुनता है। इसके विपरीत क्रोध और अभिमान से भरा व्यक्ति अपनी बात को ही सही मानता है। व्यक्ति को पक्षपात से मुक्त होकर विचार करना चाहिए, ताकि वह सही और गलत के बीच अंतर समझ सके। धर्म का सार है—सुनो सबकी, लेकिन आचरण में धर्म और विवेक को अपनाओ।

श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि धर्म को केवल आयोजन और परंपरा तक सीमित न रखें, बल्कि उसे अपने जीवन के व्यवहार में उतारें। बड़ों का सम्मान,परिवार के प्रति दायित्व, विनम्रता और दूसरों की बात सुनने की प्रवृत्ति ही धर्म के संस्कारों को मजबूत बनाती है। धर्मसभा का प्रमुख संदेश यही रहा कि मनुष्य को अपनी बात कहने के साथ दूसरों की बात सुनने की क्षमता भी विकसित करनी चाहिए। भगवान की पूजा-अर्चना, गुरु के उपदेश और धर्म के सिद्धांत तभी जीवन को सार्थक बनाते हैं, जब उनके अनुरूप आचरण किया जाए।

बदला मौसमः बारिश से किसानों को मिली रहात

फसलों के लिए अमृत बनकर गिरा मावठा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

क्षेत्र में मौसम के बदले मिजाज से ठंडक बढ़ गई है। बुधवार शाम करीब 4 बजे से देर शाम तक तेज हवाएं चलती रहीं और आसमान में घने बादल छाए रहे। इससे लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं किसानों की नजरें मावठे पर टिक गई हैं। किसानों को उम्मीद है कि बारिश होने से गेहूं और चने की फसल को फायदा मिलेगा और सिंचाई के एक पानी की बचत हो सकेगी। पिछले तीन-चार दिनों से क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। बीते दिनों बूंदाबांदी और ग्रामीण क्षेत्रों में तेज बारिश के बाद बुधवार को भी मौसम में बदलाव नजर आया। तेज हवाओं के साथ तापमान में ठंडक महसूस हुई और शाम होते-होते सर्दी का अहसास बढ़ गया।

मौसम विभाग के अनुसार, अगले एक-दो दिन तक आसमान में बादल छाए रहने और हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में किसानों को मावठा गिरने की उम्मीद है। उनका कहना है कि यदि बारिश होती है तो गेहूं-चने की फसल के लिए फायदेमंद रहेगी। इससे सिंचाई के एक पानी की बचत होने के साथ अतिरिक्त खर्च भी कम होगा।

मंडी में 15 हजार क्विंटल से ज्यादा की रही आवक

आष्टा। सीहोर जिले की आष्टा कृषि उपज मंडी में इन दिनों बंपर आवक हो रही है। 6 से 7 हजार के बीच भाव मिलने के कारण सीहोर समेत दूसरे जिलों के किसान भी अपनी उपज लेकर यहां पहुंच रहे हैं। बीते एक हफ्ते से रोजाना 15 हजार क्विंटल से ज्यादा उपज आ रही है। सोमवार को यह आंकड़ा 20 हजार क्विंटल से भी ऊपर पहुंच जाता है। मंडी खुलते ही बड़ी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉली पहुंच जाते हैं। प्रांगण में जगह कम पड़ने पर मंडी प्रबंधन को कार्यालय के पीछे ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़े करवाने पड़ते हैं। किसान सुबह 5 बजे से आना शुरू हो जाते हैं और देर रात तक उपज बेचकर गांव लौटते हैं। मंडी में नीलामी और अवकाश की जानकारी भी दी गई है।

एक नवंबर से तालाबों और बैराजों में आएगा नर्मदा जल



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इस वर्ष अल्पवर्षा के कारण विधानसभा क्षेत्र के जलाशय, तालाब, डेम, बैराज में बारिश का पानी कम भराया जाने के कारण क्षेत्र के किसानों के सामने पलेवा ओर सिंचाई चिंता का कारण बना हुआ था। किसानों की चिंता को लेकर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर लगातार आष्टा से भोपाल तक प्रयासों में लगे थे कि क्षेत्र के किसानों को नर्मदा का जल पलेवा ओर सिंचाई हेतु उपलब्ध हो,इसके लिये जो डेम,जलाशय,बैराज कम बारिश के कारण, कम भराये है उनको नर्मदा के जल से भरा जाये ताकि किसानों को पलेवा ओर सिंचाई के लिये पर्याप्त पानी मिल सके। इसको लेकर विधायक ने पिछले दिनों भोपाल पहुचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी भेंट कर अपने क्षेत्र के किसानों को नर्मदा का जल सिंचाई एवं पलेवा के लिये दिये जाने की मांग की थी। इस संबंध में आज विधायक कार्यालय में विधायक ने आईएसपी के इंजीनियर संतोष कुमार, इंजीनियर राजा, सिंचाई विभाग के एसडीओ रवि मालवीय के साथ बैठक की। विधायक ने जानकारी दी कि एक नवंबर को नर्मदा का जल छोड़ा जायेगा जिससे झिकडी जावर का डेम एवं इस्माईलखेड़ी, मेहतवाड़ा, भाटीखेड़ा, जावर, परोलिया चौहान, करमनखेड़ी के बैराज एवं इन बैराजो के बीच मे जो भी स्टापडेम आयेंगे वे सभी नर्मदा के जल से भरे जायेंगे। नर्मदा–कालीसिंध फेस-1 परियोजना के माध्यम से किसानों के खेतों तक खुशहाली पहुँचाने को हमारी डॉ मोहन यादव जी की सरकार सरकार तैयार है। नर्मदा मैय्या का जल आष्टा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिये मिलने पर मेरे अन्नदाता किसान भाईयों को भरपूर लाभ मिलेगा। सरकार के हर खेत को पानी की मंशा में यह परियोजना किसानों के जीवन में नई उम्मीद के साथ,किसानों की खुशहाली,समृद्धि लेकर आएगी। विधायक ने एक ओर जानकारी दी कि नर्मदा लिंक परियोजना से जो 26 ग्राम छुटे है उन ग्रामो को इस परियोजना से जोड़ने के भी ठोस प्रयास लगातार आगे बढ़ रहे है। इसके लिये में लगातार उच्च स्तर पर प्रयास कर रहा हु। इसको लेकर पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से एवं नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के वरिष्ट अधिकारियों को पत्र सौप चुका हूं। विश्वास है इस मामले में भी जल्द ही सफलता भी मिलेगी।

गांव खजुरिया में गरबा महोत्सव किया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जावर समीप ग्राम खजुरिया में माता रानी के दरबार में भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।जानकारी के अनुसार गुरुवार से माता रानी के दरबार में ज्योत खड़ी कर गरबा उत्सव का शुभारंभ होगा। इस 11 दिवसीय आयोजन के दौरान न्यू संतोष रामलीला मंडल द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा, साथ ही राजस्थान से आए नृत्य कलाकारों द्वारा अपनी अद्भुत कलाओं का प्रदर्शन किया जाएगा।समिति के पिंटू ठाकुर ने बताया कि यह गरबा महोत्सव खजुरिया की एक प्राचीन परंपरा है। मान्यता है कि इस 11 दिवसीय गरबा कार्यक्रम में माता रानी के दरबार में आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। आयोजन के दौरान प्रतिदिन माता भगवती के दरबार में तुलादान किया जाएगा और महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा।समिति ने सभी क्षेत्रवासियों से इस धार्मिक आयोजन में सादर उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

नशामुक्त व सशक्त भारत संदेश यात्रा पहुंची सीहोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर नशामुक्त भारत और सशक्त भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से देश के विभिन्न राज्यों से सुरक्षा बलों और बाइकर्स के दल जागरूकता यात्रा पर निकले हैं। इसी सिलसिले में गुरुवार को यह मोटरसाइकिल रैली जिला मुख्यालय के समीप स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुबेरेश्वरधाम पहुंची। रैली के आगमन को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक और पुख्ता इंतजाम किए गए थे। धाम पर पहुंचने पर अधिकारियों व पुलिसकर्मियों ने यात्रा में शामिल जवानों का फूल-मालाएं पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। 2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य- पंडित प्रदीप मिश्रा रैली में शामिल करीब 150 पुलिस जवानों ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पंडित प्रदीप मिश्रा ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए वर्ष 2029 तक नशामुक्त भारत का लक्ष्य तय किया गया है। देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने की दिशा में सुरक्षा बलों का यह कदम बेहद सराहनीय है। विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला ने सभी जवानों को आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपाल से इंदौर की ओर प्रस्थान करते समय धाम पर पहुंचे करीब 150 पुलिस जवानों ने कथा स्थल के साथ-साथ वर्षभर निशुल्क रूप से चलने वाले रुद्राक्ष वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान समिति की ओर से जवानों को रुद्राक्ष भेंट किए गए। यात्रा दल ने यहाँ श्रद्धालुओं के साथ बैठकर भोजन-प्रसादी का आनंद लिया। देश के कोने-कोने में अपनी सेवाएं देने वाले जवानों ने कहा कि कुबेरेश्वरधाम देश के लाखों श्रद्धालुओं की अगाध आस्था का बड़ा केंद्र है। त्रिपुरा से आए एक जवान ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह पहली बार इस पवित्र धाम पर पहुँचे हैं और यहाँ की व्यवस्थाओं से अभिभूत हैं। पंडित श्री मिश्रा ने जवानों के अदम्य साहस और देश को एकजुट करने के इस अनूठे प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की। इस रैली के माध्यम से समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी को यह संदेश दिया गया कि आपसी सद्भाव और देश की अखंडता ही भारत की असली ताकत है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों और अतिथियों ने युवाओं से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और एक स्वस्थ, सुरक्षित तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे, सीएसपी अभिनंदना शर्मा, मंडी थाना प्रभारी अर्चना सिंह, सूबेदार प्राची राजपूत, राहुल श्रीवास्तव और कुबेरेश्वरधाम चौकी के शिवांक भार्गव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

विधायक कार्यालय पर दुर्गा वाहिनी की बेटियों का विधायक ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधायक कार्यालय पर आई आष्टा नगर की हिन्दू बेटियों के संगठन दुर्गा वाहिनी की बेटियों का विजय दशमी उत्सव समिति के अध्यक्ष मोहित सोनी, विशाल चौरसिया, दीपक राठौर, आनन्द गोस्वामी, दुर्गा वाहिनी की अध्यक्ष आरती राठौर की उपस्थिति में स्वागत एवं सम्मान किया। विजयदशमी उत्सव समिति के निकले विशाल चल समारोह में इस वर्ष दुर्गा वाहिनी की अध्यक्ष आरती राठौर के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी की बेटियों द्वारा दी गई शानदार प्रस्तुति एवं सेवा से खुश होकर विधायक शइंजीनियर ने संगठन को 05 हजार की सम्मान राशि भी भेंट कर सभी बेटियों को रामनामी दुपट्टे पहना कर उनका सम्मान किया ।

जिले में ग्राम स्वास्थ्य और पोषण दिवस सत्रों का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस अर्तगत यू-विन पोर्टल पर 32 सत्रों की योजना बनाई गई थी, जिनमें से 32 सत्र आयोजित किए गए। आयोजित सत्रों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया के निर्देशन में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस आयोजित सत्र में 0 से 1 वर्ष तक के 205 बच्चे, 1 वर्ष से अधिक आयु के 65 बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही 19 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य जांच की गई। डॉ. डहरिया ने स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले को पात्र बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने तथा गर्भवती महिलाओं को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न

चार जनवरी को होगा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री संजीव कुमार झा ने बुधवार को निर्वाचन सदन, भोपाल में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के संबंध में बैठक की। बैठक में उन्होंने पुनरीक्षण कार्यक्रम की निर्धारित समय-सारिणी की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों से पात्र एवं छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजय श्रीवास्तव, राजेश यादव, वीरेंद्र सिंह तथा आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी तथा कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि शामिल हुए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में युवा एवं अन्य पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के उद्देश्य से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने राजनीतिक दलों से प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने तथा मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। 2 नवंबर 2026 तक मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण, 12 नवंबर प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन।, 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अवधि।, 21 एवं 22 नवंबर तथा 5 एवं 6 दिसंबर विशेष अभियान, 28 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियों का निराकरण।, जनवरी 2027 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन। बैठक में बताया गया कि 21 अक्टूबर 2026 की स्थिति में मध्यप्रदेश की मतदाता सूची में कुल 5 करोड़ 45 लाख 54 हजार 655 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 2 करोड़ 81 लाख 71 हजार 989 पुरुष और 2 करोड़ 63 लाख 81 हजार 740 महिला तथा 926 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री झा ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से वंचित न रहे।

आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी की सूझबूझ से 400 केवी सबस्टेशन में चोरी नाकाम, तीन आरोपी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के 400 केवी सबस्टेशन आष्टा में चोरी के प्रयास को ड्यूटी पर तैनात आउटसोर्स सुरक्षा कर्मियों ने विफल कर दिया। सुरक्षा कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए चोरी करने आए पांच लोगों में से तीन को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस कार्रवाई से कंपनी को संभावित आर्थिक नुकसान के साथ-साथ बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर पड़ने वाले गंभीर प्रभाव को भी टालने में मदद मिली यदि आरोपी चोरी करने में सफल हो जाते, तो सबस्टेशन में आपात स्थिति से निपटने के लिए रखे गए आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं हो पाते।

ऐसी स्थिति में किसी विद्युत आपातकाल के दौरान समय पर व्यवस्था बहाल करने में कठिनाई आ सकती थी और लंबे समय तक विद्युत व्यवधान की आशंका उत्पन्न हो सकती थी। आरोपियों को पकड़ने में आउटसोर्स सुरक्षा कर्मी ललित मालवीय ने सूझबूझ के साथ अहम भूमिका निभाई। पकड़े गए आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन भी जब्त किया गया, जिसके चोरी होने की पुष्टि दूसरे थाने की पुलिस ने की है। घटना के संबंध में पुलिस ने चोरी के प्रयास की प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की है और पकड़े गए तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया है।